मृदुल पत्रिका
समाचार पत्र को समस्त
जिलों एवं तहसील-कस्बों
में संवाददाताओं की
आवश्यकता है।
सम्पर्क सूत्र
9828888853

दैनिक
मृदुल पत्रिका
Mridul Patrika

राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों
व समाचार पत्रों की
प्रिन्टिंग की जाती है
सम्पर्क सूत्र
9571039307
(भरत प्रिंटर्स एण्ड
सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 8 | वर्ष 17 | मूल्य 2.00 रुपए | अंक 98 | जयपुर, बुधवार, 19 नवम्बर, 2025 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

सीएसआईआर-सीरी में निवारक सतर्कता पर त्रैमासिक अभियान एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन

'सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी' था इस वर्ष के आयोजन का केंद्रीय विषय

कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं स्वच्छता अभियान में योगदान देने वाले विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

(बाबलाल घोघलिया)

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में निवारक सतर्कता पर त्रैमासिक अभियान एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 17 नवम्बर, 2025 को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अन्य सहकर्मियों के अलावा बीकेबीआईईटी, बिरला शिशु विहार एवं सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थी एवं उनके शिक्षक उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा नियत इस वर्ष की थीम को रेखांकित करते हुए डॉ पंचारिया ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष प्रत्येक क्षेत्र में सतर्कता बरतना देश के प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। समारोह के दौरान डॉ. पंचारिया ने 18 अगस्त से 17 नवम्बर, 2025 की अवधि में आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक एवं जागरूकता गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया जिनमें बीकेबीआईईटी (क्यक्कु-श्वज्ञ) में आयोजित वाद-विवाद तथा बिरला शिशु विहार में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा सीरी स्टाफ के बच्चों के लिए आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी शामिल थे। इसके अतिरिक्त, सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान के दौरान उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने आयोजन की पृष्ठभूमि से अवगत कराया और सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष, ने संपूर्ण अवधि में आयोजित कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का विवरण प्रस्तुत किया और सभी प्रतिभागियों के सहयोग की सराहना की। पीएमई प्रमुख प्रमोद तंवर, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस अवधि के दौरान व्याख्यानमाला में आमंत्रित व्याख्यान देने वाले, आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों एवं प्रतिभागियों के साथ बीकेबीआईइटटी, बिरला शिशु विहार एवं सीरी विद्या मंदिर के प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।